# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in


पत्रांक— **5216** / सि0वि0वि0 / प0सा0 / 2025 दिनांक 24—09—2025

**<u>अतिमहत्वपूर्ण</u>**

सेवा में,

**समस्त प्राचार्य / प्राचार्या**
**सहायता प्राप्त अशासकीय, राजकीय, स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,**
**जनपद—सिद्धार्थनगर, महराजगंज, सन्तकबीरनगर, बस्ती।**

महोदय,

अवगत कराना है कि शैक्षणिक सत्र 2025—26 में प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत छात्रों का SURN पंजीकरण शासन के निर्देशानुसार समर्थ पोर्टल के माध्यम से पूर्ण किया जा चुका है। SURN पंजीकृत छात्रों का प्रवेश अधिंकाश महाविद्यालयों द्वारा अभी तक नही किया गया है।

तद्क्रम में अवगत कराना है कि SURN पंजीकृत छात्रों का अगले चरण में समर्थ पोर्टल पर प्रवेश किया जाना है, जो अब तक कुछ महाविद्यालयों एवं छात्रों द्वारा समर्थ पोर्टल पर पूर्ण नहीं किया गया है।

अतः सभी सम्बन्धित महाविद्यालयों व छात्रों को निर्देशित किया जाता है कि वे शीघ्र ही समर्थ पोर्टल पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर लें अन्यथा प्रवेश प्रक्रिया बन्द होने के बाद सम्बन्धित छात्रों का नामांकन संख्या निर्गत नहीं हो सकेगा। जिस क्रम में छात्रों को आगामी सत्र 2025—26 की होने वाली परीक्षा में किसी भी दशा में सम्मिलित नहीं कराया जा सकेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी छात्र एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों की होगी।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक— /तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त सम्बन्धित।
2. समस्त प्रभारी / विभागाध्यक्ष, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी / जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0,सि0
4. कुलसचिव / वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
7. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक